24 न्यूज अपडेट

ई-न्यूज

WebSite.: https://24newsupdate.in

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026

वर्ष 2 अंक 254

वाह—ताज!!! शिवसेना (शिंदे) के सभी पार्षद ताज होटल में शिफ्ट, BMC मेयर पद को लेकर सियासी हलचल तेज



24 न्यूज अपडेट

मुंबई। महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों के नतीजे आने के एक दिन बाद ही शिवसेना (शिंदे) ने अपने सभी 29 पार्षदों को ताज होटल में शिफ्ट कर दिया है। यह कदम BMC मेयर पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल की तरफ इशारा करता है और संकेत देता है कि शिंदे गुट अपनी रणनीति को लेकर पूरी तरह तैयार है। 227 सदस्यीय बीएमसी में भाजपा ने 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया है। बहुमत के लिए 114 सीटों की आवश्यकता है और मेयर पद के चुनाव में भाजपा को सहयोगी शिवसेना (शिंदे) के 25 पार्षदों का समर्थन महत्वपूर्ण होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मेयर कौन बनेगा और कब चुना जाएगा, इस पर निर्णय भाजपा और शिंदे गुट मिलकर करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में कोई विवाद नहीं होना चाहिए। सूत्रों के अनुसार, शिंदे और अजित पवार गुटों को उम्मीद के मुताबिक सीटें नहीं मिली हैं। दोनों उप मुख्यमंत्री अपनी पार्टी की कम सफलता से नाराज हैं और यही कारण है कि शनिवार को राज्य कैबिनेट की बैठक में दोनों अनुपस्थित रहे। शिवसेना की ओर से शिंदे की बीमारी का हवाला दिया गया।

चुनाव नतीजों का सार

भाजपा ने 29 नगर निगमों में से 17 पर जीत दर्ज की है। महायुति गठबंधन ने कुल 25 निगमों में सफलता हासिल की। बीएमसी में BJP 89, शिवसेना (शिंदे) 29, उद्धव की शिवसेना 65, MNS 6, कांग्रेस और VBA गठबंधन 24 सीटें प्राप्त की।

नेताओं की प्रतिक्रिया

राज ठाकरे, MNS: "हमारी उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली, लेकिन मराठी पहचान और भाषा के लिए लड़ाई जारी रहेगी।" उद्धव ठाकरे, UBT शिवसेना: "यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक मराठी व्यक्ति को उसका सम्मान नहीं मिलता।" संजय राउत, सांसद, UBT: "अगर एकनाथ शिंदे शिवसेना के जयचंद नहीं बनते, तो BJP मुंबई में कभी मेयर नहीं बन पाती।" राज्य चुनाव आयोग के अनुसार, कुल 2,869 सीटों में BJP+ गठबंधन ने 1,425 सीटें जीती हैं। इस परिणाम के बाद पहली बार बीएमसी में भाजपा का मेयर बनने की संभावना है।

UPI से निकाल सकेंगे PF का पैसा: अप्रैल तक लॉन्च होगा नया सिस्टम, इससे जरूरत के समय तुरंत पैसा मिल सकेगा



24 न्यूज अपडेट

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के करीब 8 करोड़ सब्सक्राइबर्स को UPI (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) से PF का पैसा निकालने की सुविधा मिलेगी। केंद्र सरकार एक ऐसा सिस्टम तैयार कर रही है जिससे PF मेंबर्स सीधे UPI के जरिए अपना पैसा निकाल सकेंगे। केंद्रीय श्रम मंत्रालय इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है और इसे अप्रैल 2026 तक रोलआउट करने का लक्ष्य रखा गया है। इस सुविधा के शुरू होने से क्लेम सेटलमेंट की लंबी प्रक्रिया खत्म हो जाएगी और मेंबर्स को तुरंत फंड मिल सकेगा। PTI की रिपोर्ट के अनुसार नए सिस्टम में ईपीएफ फंड का एक हिस्सा 'फ्रीज' (सुरक्षित) रखा जाएगा, जबकि एक बड़ा हिस्सा मेंबर्स के लिए उपलब्ध रहेगा। मेंबर्स अपने बैंक अकाउंट से लिंक्ड UPI पिन का इस्तेमाल करके इस पैसे को सीधे अपने खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे।

एक बार पैसा बैंक अकाउंट में आने के बाद, यूजर उसे एटीएम से निकाल सकता है या डिजिटल पेमेंट के लिए इस्तेमाल कर सकता है।

JEE MAIN 2026: NTA ने जारी किए एडमिट कार्ड, इन नियमों की पालना पर ही मिलेगा प्रवेश



24 न्यूज अपडेट

कोटा: नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम मेन 2026 (JEE MAIN 2026) की परीक्षा आयोजित कर रही है. इस परीक्षा को लेकर 21 से 24 जनवरी के एडमिट कार्ड नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जारी कर दिए है, जबकि 25 से 29 के बीच होने वाली परीक्षाओं के एडमिट कार्ड बाद में टुकड़ों में जारी किए जाएंगे.

इस एडमिट कार्ड के जरिए विद्यार्थी को उसके परीक्षा केंद्र और शिफ्ट की जानकारी दी गई है. विद्यार्थी इन एडमिट कार्ड को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं. इसके लिए उन्हें एप्लीकेशन नंबर और पासवर्ड दर्ज करना होगा. एडमिट कार्ड जारी होने के बाद ही वेबसाइट पर दिए गए दो लिंक से हॉल टिकट को डाउनलोड करना था, हालांकि दोनों ही लिंक पर काफी देर प्रयास करने के बाद भी सर्विस अनअवेलेबल आ रही थी. करीब 13 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों ने जेईई मेन जनवरी सेशन के लिए आवेदन किया है. ऐसे में सभी विद्यार्थी के एक साथ आवेदन करने पर वेबसाइट पर ट्रैफिक बढ़ने से सर्वर ठप को होने की समस्या रही.

इनको पहुंचना होगा 1 घंटे पहले: करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जिन कैंडिडेट ने रजिस्ट्रेशन फॉर्म आधार कार्ड से नहीं भरा है. उन्हें परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के दिन रिपोर्टिंग टाइम से एक घंटा पहले आने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बायोमेट्रिक रिकॉर्ड किए जा सकें. साथ ही उन्हें ये अंडरटेकिंग परीक्षा के समय दिखाकर ही प्रवेश दिया जाएगा. इस पर एनटीए स्पेशल परीक्षक के सिग्नेचर कर वहीं जमा करवानी होगी.

निजी कोचिंग संस्थान के करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड डाउनलोड होने के बाद कोड और बारकोड की जांच कर लेनी चाहिए, अगर यह नहीं है तो उन्हें तत्काल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से ईमेल आईडी या दिए गए कांटेक्ट नंबर पर के जरिए संपर्क करना चाहिए. आहूजा ने बताया कि 21 से 29 जनवरी के बीच कम्प्यूटर बेस्ड (CBT) मोड पर 11 शिफ्टों में यह परीक्षा होने जा रही है. इसमें 21 से 28 जनवरी के मध्य 10 शिफ्टों में बीई-बीटेक और 29 जनवरी को एक शिफ्ट में बीआर्क व बीप्लानिंग की परीक्षा होगी.

परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे पहले प्रवेश बंद कर दिए जाएंगे. विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र में दिए गए बार कोड रीडर के माध्यम से लैब आवंटित की जाएगी.

प्रवेश पत्र में सेल्फ डिक्लेरेशन प्रारूप में विद्यार्थी को बाएं हाथ के अंगूठे का निशान व स्वयं की फोटो लगाकर ले जाना होगा.

विद्यार्थी को इस प्रारूप में स्वयं के हस्ताक्षर, परीक्षा केंद्र में परीक्षक के सामने ही करने होंगे.

विद्यार्थी को अपने साथ ओरिजनल आईडी प्रूफ, सेल्फ डिक्लेरेशन भरा हुआ प्रवेश पत्र, पारदर्शी पेन, स्वयं का फोटो, पानी की पारदर्शी बोतल साथ में लाने होंगे.

विद्यार्थियों को आईडी प्रुफ की फोटोकॉपी या मोबाइल से लिए हुए फोटो से एंट्री नहीं दी जाएगी.

विद्यार्थियों को कोई भी इलेक्ट्रोनिक गैजेट साथ लाने की अनुमति नहीं होगी.

मोटे सोल के जूते व बड़े बटन वाले वस्त्रों की भी अनुमति नहीं होगी.

बजट के दिन रविवार को भी खुलेगा शेयर बाजार: 1 फरवरी को सामान्य दिनों की तरह ट्रेडिंग होगी, 9 साल बाद बनेगा 'वर्किंग संडे'



24 न्यूज अपडेट

1 फरवरी, 2026 को रविवार होने के बावजूद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) में सामान्य दिनों की तरह कामकाज होगा। एक्सचेंजों ने शनिवार, 17 जनवरी को सर्कुलर जारी कर इसकी आधिकारिक घोषणा की है। सरकार के निर्देशों के बाद यह फैसला लिया गया है ताकि बजट घोषणाओं पर निवेशक रियल-टाइम में रिएक्ट कर सकें।

2017 के बाद पहली बार संडे को खुलेगा बाजार

यह पिछले 9 सालों में पहला मौका होगा जब केंद्रीय बजट के लिए शेयर बाजार रविवार को खुलेगा। इससे पहले साल 2017 में भी 1 फरवरी को रविवार था और तब भी मार्केट में ट्रेडिंग हुई थी। आमतौर पर शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहता है, लेकिन बजट जैसी बड़ी आर्थिक घटनाओं के लिए एक्सचेंज 'स्पेशल ट्रेडिंग डे' घोषित करते हैं।

सभी सेगमेंट में होगा काम, समय में कोई बदलाव नहीं

NSE और BSE की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, 1 फरवरी को इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, करेंसी और कमोडिटी समेत सभी सेगमेंट्स में ट्रेडिंग होगी।

अजमेर: मतदाता सूची में 244 नाम झूठे तरीके से कटवाने वाला बोला-भाजपा कार्यकर्ता ने खाली कागज पर कराए साइन!!



24 न्यूज अपडेट

अजमेर। अजमेर में गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान मतदाता सूची से 244 लोगों के नाम कटवाने का मामला सामने आया है। ये लोग पिछले 30-40 सालों से क्षेत्र में रह रहे हैं। घटना लाखन कोटड़ी क्षेत्र की है और स्थानीय निवासियों ने इस पर कड़ा विरोध जताया है। स्थानीय लोगों ने जब मामले की जांच की, तो उन्हें पता चला कि एक युवक खेमराज भाजपा के कुछ लोगों के कहने पर खाली फार्म में साइन करवा रहा था। युवक को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसने केवल भाजपा के निर्देश पर यह कार्य किया और निर्वाचन अधिकारी के नाम गलत आपत्ति दर्ज कराने के लिए लेटर भी लिखा। लाखन कोटड़ी निवासी मेहराज ने बताया कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में भाग संख्या न्यू 162, पुरानी 138, वार्ड संख्या न्यू 13 में कुल 866 वोटर हैं। इनमें से 244 लोगों की अनुपस्थिति गलत तरीके से दर्ज कर दी गई थी। बीएलओ ने 16 जनवरी को जानकारी दी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (अजमेर सिटी) नरेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि किसी की ओर से आपत्ति दी गई है तो उसकी जांच होगी। आपत्ति सही पाए जाने पर ही नाम काटे जाएंगे। केवल किसी के कहने से नाम नहीं कट सकते। स्थानीय निवासियों ने अब खेमराज द्वारा लिखवाया गया लेटर निर्वाचन अधिकारी को सौंपने का निर्णय लिया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि फार्म संख्या 7 पर किए गए साइन झूठे थे और सभी लोग वास्तव में उपस्थित हैं। क्षेत्रवासियों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि इस तरह की शरारतें मतदाता सूची की विश्वसनीयता को खतरे में डालती हैं।

गणतंत्र दिवस की थीम वंदेमातरम्, परेड में निकलेंगी 30 झांकियां: सेना की नई भैरव बटालियन भी शामिल होगी; इस बार राफेल-सुखोई के साथ तेजस नहीं होगा



24 न्यूज अपडेट

26 जनवरी को भारत 77वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। इस बार मुख्य परेड की थीम वंदेमातरम् पर रखी गई है। परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर 30 झांकियां निकलेंगी, जो 'स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम, समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित होंगी।

कर्तव्य पथ पर एनक्लोजर के बैकग्राउंड में वंदेमातरम् की लाइन्स वाली पुरानी पेंटिंग बनाई जाएगी। मेन स्टेज पर फूलों से वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

इस बार गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन होंगे।

परेड में पहली बार बैक्ट्रियन ऊंट, नई बटालियन भैरव भी मार्च पास्ट करेगी। हालांकि इस बार के फ्लाईपास्ट में राफेल, Su-30, अपाचे जैसे 29 विमान शामिल होंगे। हालांकि इस बार तेजस को नहीं रखा गया है।

डिफेंस सेक्रेटरी आर के सिंह से तेजस के परेड में न होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सेना के कुछ बेहतरीन प्लेटफॉर्म दिखाए जा रहे हैं। कुछ शामिल किए गए हैं जबकि कुछ नहीं, लेकिन कोई खास वजह नहीं है।

गणतंत्र दिवस परेड में इस बार नया क्या...

निमंत्रण पत्रों पर वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ का लोगो होगा। परेड खत्म होने पर वंदे मातरम की थीम वाले बैनर के साथ गुब्बारों को हवा में छोड़ा जाएगा।

पारंपरिक प्रथा से हटकर, परेड स्थल पर एनक्लोजर के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले VVIP और अन्य लेबल का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। इनकी जगह सभी एनक्लोजर का नाम भारतीय नदियों के नाम पर रखा गया है।

पहली बार सेना की रिमाउंट एंड वेटरनरी विंग के जानवर परेड में शामिल होंगे। इनमें 2 बैक्ट्रियन ऊंट, 4 जास्कर टट्टू, 4 शिकारी पक्षी और 10 मिलिट्री डॉग शामिल हैं।

पहली बार भैरव लाइट कमांडो बटालियन भी गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगी। अक्टूबर 2025 में भैरव बटालियन को इन्फैंट्री और स्पेशल फोर्सेज के बीच अंतर को पाटने के लिए बनाया गया था।

29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी के लिए भी एनक्लोजर का नाम भारतीय वाद्ययंत्रों- बांसुरी, डमरू, एकतारा, एसराज, मृदंगम, नगाड़ा, पखावज, संतूर, सारंगी, सरिंदा, सरोद, शहनाई, सितार, सुरबहार, तबला और वीणा के नाम पर रखा जाएगा।

चांदी इस हफ्ते 39,082 बढ़कर 2.82 लाख पर पहुंची: सोना 4,471 महंगा होकर 1.41 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ, देखें अपने शहर के सोने के दाम



24 न्यूज अपडेट

इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में बढ़त रही। सोना 4,471 रुपए बढ़कर 1,41,593 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 9 जनवरी, शुक्रवार को 1,37,122 रुपए पर था। वहीं चांदी 2,42,808 किलो से बढ़कर 2,81,890 रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 39,082 रुपए बढ़ी है।

संपादकीय : रोजगार का संकट

देश में पिछले कुछ वर्षों से बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। इससे बड़े स्तर पर युवा श्रम शक्ति का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है और वह राष्ट्र के संपूर्ण विकास में भी अवरोध पैदा कर रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था को तभी संतुलित माना जाता है, जब उसमें आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुल कार्यबल तथा जनसंख्या के लिहाज से भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। यहां युवाओं की आबादी अन्य देशों की तुलना में अधिक है। मगर इस कार्यबल को व्यापक रूप से राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी के समान अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। इसका आकलन केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी रपट से किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि देश में पंद्रह वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी दर पिछले वर्ष दिसंबर में बढ़कर 4.8 फीसद पर पहुंच गई, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 4.7 फीसद था । शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी का असर ज्यादा रहा, जहां इसकी दर नवंबर में 6.5 फीसद से बढ़कर 6.7 फीसद हो गई। इससे स्पष्ट है कि सरकारी और निजी संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर घट रहे हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की ओर से आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसी योजनाओं की शुरुआत की गई है, लेकिन इनका असर विभिन्न क्षेत्रों में अलग- अलग रहा है। कई युवा और श्रमिक वर्ग अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। कृत्रिम मेधा और डिजिटलीकरण के कारण भी रोजगार में कमी आई है। हालांकि, डिजिटल क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं, लेकिन इनमें भी विशेष कौशल की आवश्यकता होती है, जो हर किसी के पास नहीं है। इसमें दोराय नहीं कि रोजगार की मांग के अनुपात में सरकारी नौकरियों की संख्या में वृद्धि नहीं हो पा रही है। इसके अलावा, सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और परीक्षा प्रणाली के मुद्दे भी रोजगार हासिल करने के समान अवसरों को प्रभावित करते हैं। हालांकि आंकड़ों के हिसाब से देखें तो शहरों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में राहत की बात यह है कि वहां पिछले वर्ष नवंबर से दिसंबर के बीच बेरोजगारी दर 3.9 फीसद पर स्थिर है। दरअसल, किसी भी देश में संपूर्ण आर्थिक विकास तभी संभव हो पाता है, जब सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो, प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी तथा गरीबी, भुखमरी और सामाजिक असमानता में कमी आए तथा रोजगार की उपलब्धता और प्रति व्यक्ति खुशहाली हो विकास का माडल ऐसा होना चाहिए, जिसमें रोजगार के अवसर, गरीबों का उत्थान और किसानों की समृद्धि सुनिश्चित हो सके तथा महंगाई की दर कम रहे। सवाल है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है, क्या मौजूदा परिस्थितियों की लिहाज से उसे तय समय में हासिल किया जा सकेगा ! यह सच है कि बेरोजगारी दर में उतार- चढ़ाव से देश के विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि बेरोजगारी दर में कमी लाने के लिए शिक्षा को कौशल विकास से जोड़ने को प्राथमिकता दी जाए और सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएं। तभी भारत सही मायने में एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ पाएगा ।

विकल्प का ईंधन

जीवाश्म ईंधन के अंधाधुंध इस्तेमाल से बढ़ते जलवायु संकट के बीच पूरी दुनिया में स्वच्छ ईंधन की जरूरत महसूस की जाने लगी है। मगर इस दिशा में प्रयास बहुत कम हो रहे हैं। स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर योजनाएं तो बन रही हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन की गति बेहद धीमी है, जबकि जीवाश्म ईंधन पर अब भी ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता तो है, लेकिन इससे निपटने के उपायों पर गंभीरता से काम नहीं हो पा रहा है। विश्व आर्थिक मंच की ओर से हाल में जारी एक रपट में भी इसका उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ ईंधन से जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वर्ष 2030 तक निवेश को चार गुना बढ़ा कर सालाना सौ अरब डालर करने की आवश्यकता है। जाहिर है कि अगर इस तरह की चेतावनियों और सुझावों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो भविष्य में इसके भयावह परिणाम सामने आ सकते हैं। गौरतलब है कि दुनिया भर में इस समय स्वच्छ ईंधन पर सालाना करीब पच्चीस अरब डालर ही निवेश हो रहा है। दरअसल, स्वच्छ ईंधन को लेकर दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन इससे संबंधित योजनाओं की लागत अधिक होने से कई देश पीछे हट जाते हैं। वहीं सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन कर रहे विकसित देश खुद इसमें कटौती करने के बजाय छोटे और विकासशील देश पर नाहक दबाव बनाते रहे हैं। ऐसे में स्वच्छ ईंधन को साझा प्रयासों से प्रोत्साहित करने का वैश्विक लक्ष्य कहीं पीछे छूट जाता है। इसमें दोराय नहीं कि जलवायु संकट से निपटने की दिशा में स्वच्छ ईंधन अहम भूमिका निभा सकता है। इसके इस्तेमाल से उद्योगों और परिवहन क्षेत्र में बढ़ते उत्सर्जन को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। लिहाजा स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने के लिए न केवल भरोसेमंद और निवेश योग्य परियोजनाएं बनानी होंगी, बल्कि उन्हें सख्ती से लागू भी करना होगा। जीवाश्म ईंधन के निरंतर इस्तेमाल से पूरी दुनिया में वायु प्रदूषण की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। इस संकट से बचने के लिए स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा ही बेहतर विकल्प है।

बीमा कंपनी की धरी रह गई होशियारी : एक्सीडेंट पॉलिसी की पूरी राशि के भुगतान के आदेश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 17 जनवरी। स्थायी लोक अदालत, उदयपुर ने बीमा उपभोक्ताओं के हित में अहम निर्णय देते हुए नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को पर्सनल एक्सीडेंट पॉलिसी की राशि का भुगतान करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने बीमा कंपनी को पॉलिसी धारक धनेश वेद को कुल 6 लाख 5 हजार 60 रुपये, क्लेम निरस्त करने की तिथि से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज तथा 5100 रुपये वाद व्यय सहित एक माह के भीतर भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिसोदिया तथा सदस्यगण राजेंद्र सिंह राठौड़ और गरिमा गुप्ता द्वारा बुधवार को सुनाया गया। मामले के अनुसार, धनेश वेद ने नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से पर्सनल एक्सीडेंट पॉलिसी ली थी, जिसकी अवधि 31 दिसंबर 2023 से 30 दिसंबर 2024 तक निर्धारित थी। पॉलिसी की शर्तों के अनुसार बीमा अवधि के दौरान दुर्घटना होने पर उपचार खर्च के साथ-साथ डॉक्टर की सलाह पर विश्राम करने की स्थिति में प्रति सप्ताह एक लाख रुपये का भुगतान देय था। 4 जनवरी 2024 को एक दुर्घटना में धनेश वेद के पैर की एड़ी में फ्रैक्चर हो गया। उपचार में 5060 रुपये खर्च हुए और चिकित्सकीय सलाह पर उन्हें छह सप्ताह तक घर पर विश्राम करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने बीमा कंपनी के समक्ष क्लेम प्रस्तुत किया, जिसे कंपनी ने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने और तथ्यों को कथित रूप से छुपाने का आरोप लगाते हुए खारिज कर दिया। बीमा क्लेम निरस्त होने के बाद धनेश वेद ने स्थायी लोक अदालत, उदयपुर में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान अदालत ने माना कि बीमा धारक द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए थे तथा किसी भी प्रकार का तथ्य नहीं छुपाया गया। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि बीमा कंपनी ने अनुचित तरीके से क्लेम खारिज किया। अदालत के इस फैसले से बीमा कंपनियों द्वारा मनमाने ढंग से क्लेम निरस्त करने पर रोक लगेगी और उपभोक्ताओं को न्याय मिलेगा। इस मामले में धनेश वेद की ओर से अधिवक्ता राजेश सिंघवी और प्रीति बी. शाह ने प्रभावी पैरवी की।

REET की राह में हादसा: ज़ख़्मी हालत में भी नहीं टूटा हौसला, लेकिन अधूरा रह गया कविता डामोर का सपना



24न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। REET परीक्षा देने निकली एक छात्रा की मेहनत और हौसले की कहानी उस वक्त दर्दनाक मोड़ पर आ गई, जब परीक्षा केंद्र पहुंचने से पहले ही सड़क हादसे ने उसकी राह रोक दी। बांसवाड़ा जिले के ओडा गांव की रहने वाली कविता डामोर अपने पिता मणिलाल के साथ बाइक से REET परीक्षा देने शहर आ रही थी। इसी दौरान आंजना क्षेत्र के पास उनका एक्सीडेंट हो गया।

हादसे में पिता-पुत्री दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। बावजूद इसके, कविता का जज़्बा कमजोर नहीं पड़ा। भाई नगेंद्र डामोर के अनुसार, स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत अर्थूना के अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। इलाज के दौरान भी कविता की चिंता केवल एक ही थी—परीक्षा।

चोटों और दर्द के बावजूद कविता ने परीक्षा केंद्र पहुंचने की जिद की। प्राथमिक इलाज के बाद उसे गुरु गोविंद सिंह कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र लाया गया। घायल अवस्था में उसने परीक्षा हॉल में बैठकर पेपर लिखना शुरू किया और खुद को संभालने की पूरी कोशिश की।

लेकिन परीक्षा के दौरान दर्द असहनीय होता गया और उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। हालत संभालना मुश्किल हो गया, जिसके चलते कविता को मजबूरी में आधा पेपर छोड़कर परीक्षा केंद्र से बाहर आना पड़ा। बाहर आते ही उसकी स्थिति और गंभीर हो गई। तत्काल उसे महात्मा गांधी हॉस्पिटल, बांसवाड़ा ले जाया गया, जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया गया है। कविता REET लेवल-1 की अभ्यर्थी है। यह हादसा न केवल उसकी सेहत पर भारी पड़ा, बल्कि महीनों की कड़ी मेहनत और सपनों पर भी गहरा असर डाल गया।

उदयपुर में विदेशी पर्यटक से छेड़छाड़, ऑटो चालक की करतूत से सहमी ऑस्ट्रेलियाई युवती; पुलिस ने किया गिरफ्तार



24न्यूज अपडेट

उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर में विदेश से आई एक महिला पर्यटक के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। ऑस्ट्रेलिया से भारत भ्रमण पर आई युवती के साथ एक ऑटो चालक ने बार में बदसलूकी की, जिससे वह डरकर अपने होटल लौट गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली युवती जनवरी के पहले सप्ताह में टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी। करीब एक सप्ताह तक देश के अलग-अलग पर्यटन स्थलों पर घूमने के बाद वह 15 जनवरी को उदयपुर पहुंची। शहर भ्रमण के लिए उसने एक ऑटो किराए पर लिया था। शाम के समय वह ऑटो से सुखाड़िया सर्कल क्षेत्र स्थित एक बार में पहुंची, जहां ऑटो चालक ने शराब के नशे में उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। अचानक हुई इस घटना से युवती घबरा गई और बिना किसी से कुछ कहे सीधे अपने होटल लौट गई। अगले दिन 16 जनवरी को उसने हिम्मत जुटाकर अंबामाता थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। मामला विदेशी पर्यटक से जुड़ा होने के कारण पुलिस महकमे में हलचल मच गई। तत्काल विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के बाद खांजीपीर निवासी 38 वर्षीय ऑटो चालक तौसिफ अली को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने शराब के नशे में गलती करने की बात स्वीकार की है। पुलिस का कहना है कि विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



मातुश्री क्लब ने किया मानव सेवा संस्थान में सेवा कार्य



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 17 जनवरी। मातुश्री क्लब उदयपुर की ओर से शनिवार को मानव सेवा संस्थान में सेवा कार्य किया गया। क्लब की आशा कोठारी ने बताया कि कौशल्या गट्टानी के नेतृत्व में मानव सेवा संस्थान में 200 से अधिक लोगों को भोजन, फल, मिठाई आदि खिलाई गई। मातुश्री क्लब की महिलाओं ने तन, मन व धन से सहयोग कर अपने हाथों से भोजन कराया।

क्लब की अध्यक्षा आभा झंवर ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग की सेवा करना ही मातुश्री क्लब का प्रमुख उद्देश्य है और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों के सहयोग और समर्पण की सराहना की। सेवा कार्यक्रम के दौरान संस्थान में सकारात्मक एवं आत्मीय वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा आभा झंवर, आशा कोठारी, मंजू भण्डारी, रेखा गोलछा, पुष्पा सिंयाल, अम्बिका पारीख, ललित बिड़ला, निशा जैन व नीरू मिश्रा आदि सदस्याएं मौजूद रही।


भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक पर्व मनाया



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा , कस्बे की स्वस्तिक कॉलोनी स्थित आदिनाथ जिनालय मे जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक पर्व मनाया गया। श्रावकों द्वारा भगवान आदिनाथ का अभिषेक, शांति धारा एवं विशेष पूजा की गई। अध्यक्ष योगेश शाह ने बताया कि पंचामृत अभिषेक, शान्तिधारा, पुजा अर्चना कर भगवान को निर्वाण का लड्डू चढ़ाया गया। मंत्री कपिल फडिया ने बताया कि अभिषेक का लाभ कपिल फडिया एवं रमेशचंद्र गांधी, शांतिधारा का सौभाग्य भरत चंपालाल , विजेश नरेंद्र , बाबुलाल पारस, दिनेश अमृतलाल, पंकज,रसिकलाल, प्रफुल, बाबुलाल ने प्राप्त किया। समाज के वरिष्ठ शांति लाल वखारिया ने बताया कि जैन धर्म में मोक्ष का अर्थ है पुद्गल कर्मों से मुक्ति। जैन दर्शन के अनुसार मोक्ष प्राप्त करने के बाद जीव (आत्मा) जन्म मरण के चक्र से निकल जाता है और लोक के अग्रभाग सिद्धशिला में विराजमान हो जाता है। सभी कर्मों का नाश करने के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। सायंकाल में आरती, शास्त्र स्वाध्याय एवं धार्मिक भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के अनुयायियों द्वारा धर्म लाभ प्राप्त किया गया।

एमएमपीएस ऋषभदेव में अंतरराष्ट्रीय स्तर का बास्केटबॉल कोर्ट शुरू



24 न्यूज अपडेट

ऋषभदेव। महावीर मॉडर्न पब्लिक स्कूल, ऋषभदेव में शुक्रवार को खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। विद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय मापदंडों पर निर्मित आधुनिक बास्केटबॉल कोर्ट का विधिवत उद्घाटन किया गया, जिससे क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और अभ्यास का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर विद्यालय में प्री-प्राइमरी वर्ग के बच्चों के लिए स्पोर्ट्स डे का भी आयोजन किया गया। नन्हे बच्चों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा परिसर खेल भावना और उमंग से भर उठा। प्रधानाचार्या ख्याति जैन ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह ने कहा कि आज खेल केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह उज्ज्वल करियर निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। स्पोर्ट्स डे के दौरान अभिभावकों के लिए भी नींबू-चम्मच दौड़, लंगड़ी टांग, रस्साकसी, तीन टांग दौड़, बोरी रेस और रिंग रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें उन्होंने उत्साह के साथ भाग लिया। विशिष्ट अतिथि पूर्व संभागीय पीटीआई संघ अध्यक्ष हनुमंत रावल एवं पूर्व शारीरिक शिक्षक राजकुमार गांधी उपस्थित रहे। विद्यालय के निदेशक विकास जैन, एकेडमिक डायरेक्टर सुरेंद्र जैन, खेल समन्वयक डॉ. दिलीप भाणावत, समन्वयक जयदीप सेवक, विनीत भंडारी, प्राइमरी इंचार्ज शारदा गर्ग, खेल प्रशिक्षक साक्षी कुमावत एवं विकास ताबियार सहित विद्यालय स्टाफ और अभिभावक मौजूद रहे।

बर्थडे की खुशियां मातम में बदलीं, बाइपास पर भीषण टक्कर में चार दोस्तों की मौत परिजन बोले आरोपियों ने पी रखी थी शराब

24 न्यूज अपडेट



उदयपुर। शहर के सवीना क्षेत्र में शनिवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे ने चार परिवारों की खुशियां छीन लीं। पुराने अहमदाबाद बाइपास पर नेला तालाब के पास दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए और युवक गाड़ियों में बुरी तरह फंस गए, जिन्हें कड़ी मशक्कत के बाद गेट तोड़कर बाहर निकाला गया। सवीना थानाधिकारी अजयराज सिंह ने बताया कि हादसा शनिवार सुबह करीब 3 बजे हुआ। उदयपुर नंबर की कार में सवार मुर्शीद नगर, सवीना निवासी मोहम्मद अयान (17), बरकत कॉलोनी, सवीना निवासी आदिल कुरैशी (14), मल्लातलाई निवासी शेर मोहम्मद (19) और सवीना निवासी गुलाम ख्वाजा (17) की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार उनके दो साथी वसीम (20) और मोहम्मद कैफ (19) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एमबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। शव मोर्चरी में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपे गए हैं। वसीम को परिजन इलाज के लिए अहमदाबाद ले गए। पुलिस के अनुसार मोहम्मद अयान का एक दिन पहले ही जन्मदिन था। वह अपने दोस्तों के साथ सवीना क्षेत्र में आयोजित 'महफिल-ए-मिलाद' कार्यक्रम में शामिल होने आया था। कार्यक्रम के बाद सभी दोस्त बाइपास पर चाय पीने जा रहे थे, तभी सामने से आ रही गुजरात नंबर की कार से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे क्षतिग्रस्त हालत में जा गिरे। पुलिस ने क्रेन की मदद से कारों को हटवाकर थाने के बाहर खड़ा करवाया। हादसे में गुजरात नंबर की कार में सवार एक ही परिवार के चार लोग भी घायल हुए हैं। कार राजगढ़ (चूरू) की ओर से वापी, गुजरात जा रही थी। इसमें महिपाल जाट (48), उनकी पत्नी राजबाला (45), पुत्र राजेश (26) और कर्मवीर सिंह (24) घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए उदयपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर मृतकों के परिजनों ने कहा कि टक्कर मारने वाले आरोपी शराब पिए हुए थे।

पिंजारो का मोहल्ला आंगनवाड़ी में महिलाओं को एफएसटीपी के फायदे बताए, टोल फ्री नंबर की दी जानकारी



24 न्यूज अपडेट

कानोड़। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के तहत वार्ड नंबर 15 स्थित पिंजारो का मोहल्ला आंगनवाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट अधिकारी मनोज कुमार जाट ने उपस्थित महिलाओं को एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) के फायदों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मलजल को टैंकरों के माध्यम से पीपलवास रोड पर बन रहे एफएसटीपी प्लांट में ले जाया जाएगा, जहां इसे वैज्ञानिक तरीके से ट्रीट कर खाद में बदला जाएगा। इस खाद का उपयोग खेती में किया जाएगा, जिससे गंदगी से निजात मिलेगी और वातावरण स्वच्छ बना रहेगा। साथ ही महिलाओं को साफ-सफाई और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई, ताकि मच्छर-मक्खी न पनपें और डेंगू, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके। कार्यक्रम में घरों के गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग कर नगर पालिका की गाड़ी में डालने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही बताया गया कि सेप्टिक टैंक खाली कराने के लिए 18008439192 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सुविधा का लाभ लिया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजू तंबोली, पुष्पा प्रजापत और भगवती देवी का सहयोग रहा।

नाकाबंदी में बड़ी कार्रवाई, 45 किलो से अधिक अफीम डोडाचूरा जब्त, आई-20 कार सहित एक आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बेगूं थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक आई-20 कार से 45 किलो 780 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा बरामद करते हुए कार चालक को गिरफ्तार किया है। जब्त डोडाचूरा तीन प्लास्टिक के कट्टों में भरकर परिवहन किया जा रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए जिलेभर में सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एएसपी रावतभाटा भगवत सिंह हिगड़ के निर्देशन और डीवाईएसपी अंजलि सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी कमलचंद मीणा के नेतृत्व में जोगणिया माता घाटे पर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान चंदाखेड़ी ठुकराई की ओर से आ रही सफेद रंग की आई-20 कार को रुकवाने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने कार को वापस मोड़ते हुए घाटे के नीचे ले जाकर ठुकराई गांव के सरकारी स्कूल के पास खड़ी कर भागने की कोशिश की। पुलिस जाप्ते ने पीछा कर आरोपी को पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर डिक्की से तीन प्लास्टिक कट्टों में भरा कुल 45 किलो 780 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने डोडाचूरा सहित आई-20 कार को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना बेगूं में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजमेर जिले के गांधीनगर थाना क्षेत्र के सराणा निवासी राजू चौधरी (19) पुत्र रामलाल चौधरी के रूप में हुई है।

असफल आवेदकों को धरोहर राशि लौटाने की प्रक्रिया शुरू

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 17 जनवरी। उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 25 दिसंबर को आयोजित तीन आवासीय योजनाओं उद्यम विहार (राजस्व ग्राम कलड़वास), साउथ एक्स्टेंशन सेक्टर-ए (राजस्व ग्राम सवीना खेड़ा) एवं नान्देश्वर एनक्लेव (राजस्व ग्राम नोहरा) की ई-लॉटरी में असफल आवेदकों को लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात जिन आवेदकों को भूखण्ड आवंटित नहीं हो सका, उनकी जमा धरोहर राशि लौटाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उदयपुरी प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि तीनों योजनाओं में असफल रहे कुल 41,223 आवेदकों की जमा राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाइन माध्यम से 31 जनवरी तक वापस कर दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्ध ढंग से की जा रही है। किसी भी आवेदक को राशि वापसी के लिए प्राधिकरण कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। उदयपुर विकास प्राधिकरण ने आमजन के हितों की सुरक्षा, वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखने तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्राथमिक विद्यालय अध्यापक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा, पहले दिन लेवल 1 की शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुई परीक्षा 96.71 फीसदी अभ्यर्थी रहे उपस्थित

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 17 जनवरी। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शी रूप से और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हो रही है। इसी क्रम में शनिवार को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित हो रही प्राथमिक विद्यालय अध्यापक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा 2025 का लेवल प्रथम सामान्य शिक्षा की परीक्षा शहर में शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर दीपेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि परीक्षा हेतु शहर में कुल 110 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जहां शनिवार को लेवल प्रथम की परीक्षा में कुल पंजीकृत 34 हजार 290 अभ्यर्थियों में से 33 हजार 162 अभ्यर्थी उपस्थित रहे 1 हजार 128 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, 6 अभ्यर्थियों को विविध कारणों से डिबार किया गया। इस प्रकार कुल 96.71 फ़ीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

रविवार को दो पारी में परीक्षा

प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को लेवल द्वितीय में पहली पारी सुबह 10 से 12रू30 तक एवं विज्ञान-गणित विषय तथा दूसरी पारी 3 से 5रू30 बजे तक सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित होगी इस हेतु सभी परीक्षा पर केंद्रों पर माकूल सुरक्षा प्रबंधन एवं व्यवस्थाएं की गई है।

आयड़ बस्ती का हिन्दू सम्मेलन 2 फरवरी को, तैयारियां तेज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सर्व समाज की ओर से आयड़ बस्ती का हिन्दू सम्मेलन आगामी 2 फरवरी को सायं 5 बजे विश्वविद्यालय मार्ग स्थित सुथारवाड़ा चौराहे पर आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को परम पूज्य श्री श्री मेवाड़ पीठाधीश्वर संत 1008 सुदर्शन महाराज एवं वैदिक विचारक मीनाक्षी सहरावत संबोधित करेंगे। सम्मेलन से पूर्व पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं की सहभागिता से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। सम्मेलन की शुरुआत के प्रतीक रूप में शनिवार को गाजे-बाजे के साथ बोहरा गणेश महाराज को पहला नूता दिया गया और आयोजन के निर्विघ्न संपन्न होने की कामना की गई। हर परिवार की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता समूह बनाकर सुबह-शाम प्रभात फेरियां निकाल रहे हैं और घर-घर पीले चावल व पत्रक देकर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। आयोजन के तहत 26 जनवरी को सायं 6 बजे मशाल रैली निकाली जाएगी, जबकि सम्मेलन की पूर्व संध्या पर विशाल वाहन रैली का आयोजन होगा। कार्यकर्ताओं की ओर से यह भी प्रयास किया जा रहा है कि सम्मेलन के दिन किसी घर में चूल्हा न जले और आयोजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रकाश घरबड़ा, पूर्व पार्षद मनोहर चौधरी, महेश भावसार, गोपालकृष्ण गौड़, राजेश माली, नरेन्द्र चौधरी, नीलकंठ रावत, यशवंत पालीवाल, हेमा भावसार, गरिमा सुथार, गीता नागदा, शिवशंकर नागदा, राजकुमार दमामी, पियूष जयंत शर्मा, नवनीत चितौड़ा, कपीश जैन, धवल सुथार, तारूलाल पुजारी, मनोज घरबड़ा, दिनेश सुथार, प्रदीप सुथार, मीठालाल प्रजापत, मनीष पोरवाल, महेश नागदा, राजेश गवारिया, ललित चौबीसा, महेन्द्र मेघवाल, यशवंत चौधरी और मांगीलाल दाहिमा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

ग्रामीण शिक्षा के प्रेरणास्रोत, वरदान महावीर स्कूल समूह के संस्थापक सुंदरलाल जैन का 70वां जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। ग्रामीण अंचलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सपना साकार करने वाले वरदान महावीर ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संस्थापक व चेयरमैन श्री सुंदरलाल जैन का आज 70वां जन्मदिवस सादगी और प्रेरणादायी कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। जन्मदिवस के अवसर पर उन्होंने सुबह मंदिर जाकर भगवान के दर्शन किए और इसके बाद स्कूल पहुँचकर विद्यार्थियों व स्टाफ से आत्मीय संवाद किया व अन्य सामाजिक सरोकारों की गतिविधियों में हिस्सा लिया। श्री जैन ने विद्यार्थियों से मिलकर शिक्षा के महत्व पर बात की और कहा कि शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को समान अवसर देना ही उनके जीवन का लक्ष्य रहा है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, संस्कार और सतत परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

ऋषभदेव से शुरुआत, आज 4 चार ब्रांच, 10 हजार से अधिक विद्यार्थी

वर्ष—2000 में ऋषभदेव से शुरू हुए शैक्षणिक अभियान ने आज एक सशक्त संस्थान का रूप ले लिया है। वर्तमान में डूंगरपुर, चावंड, ऋषभदेव और उदयपुर में वरदान महावीर ग्रुप की चार शाखाएँ संचालित हो रही हैं, जहाँ 10 हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। संस्था का मूल उद्देश्य आज भी ग्रामीण इलाकों में गुणवत्तापूर्ण और मूल्यनिष्ठ शिक्षा उपलब्ध कराना है।

स्कूल अवलोकन और स्टाफ को दिया मार्गदर्शन

जन्मदिवस पर श्री जैन ने विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया और शिक्षकों व स्टाफगण को बच्चों की शिक्षा में नवाचार, संवेदनशीलता और निरंतर सुधार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही किसी भी संस्था की रीढ़ होते हैं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका सर्वोपरि है।

सीबीएसई और आरबीएसई -ड्यूल बोर्ड की सुविधा

भगवान महावीर शिक्षा एवं विकास समिति के अंतर्गत संचालित यह समूह सीबीएसई व आरबीएसई इंग्लिश मीडियम दोनों बोर्डों की सुविधा प्रदान करता है। प्ले ग्रुप से कक्षा 12वीं तक की शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों, समावेशिता और सेक्युलर दृष्टिकोण पर विशेष बल दिया जाता है। पिछले 25 से अधिक वर्षों में वरदान महावीर ग्रुप ने दक्षिण राजस्थान में भरोसेमंद शैक्षणिक ब्रांड के रूप में पहचान बनाई है। यहां पर एक हजार से अधिक अधिक योग्य शिक्षकों की मजबूत टीम, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और शोध-आधारित पाठ्यक्रम इसकी विशेषता है। संस्था को दक्षिण राजस्थान का मोस्ट प्रॉमिसिंग इंस्टिट्यूट जैसे सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। जन्मदिवस के अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ ने श्री सुंदरलाल जैन को शुभकामनाएँ दीं और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। एक वरदान—बेहतर भविष्य का संकल्प के साथ वरदान महावीर ग्रुप शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएँ गढ़ता हुआ आगे बढ़ रहा है।

18 जनवरी को उदयपुर में होगी प्रथम राजस्थान राज्य स्तरीय नानचाकू चैंपियनशिप 2026



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। प्रथम राजस्थान राज्य स्तरीय नानचाकू चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 18 जनवरी 2026 को हिरण मगरी सेक्टर-4, उदयपुर में किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर से खिलाड़ी भाग लेंगे और नानचाकू के दो प्रमुख इवेंट—फ्रीस्टाइल एवं कुमिते—में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। चैंपियनशिप में नानचाकू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी बाबुल वर्मा (कानपुर, उत्तर प्रदेश) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता के दौरान बाबुल वर्मा द्वारा राजस्थान राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों के लिए नानचाकू ट्रेनिंग सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें नानचाकू की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन 30 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक कानपुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय नानचाकू प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रथम राजस्थान राज्य स्तरीय नानचाकू चैंपियनशिप 2026 एवं नानचाकू ट्रेनिंग सेमिनार का आयोजन नानचाकू एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के जनरल सेक्रेटरी किशन सोनवाल तथा नानचाकू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी बाबुल वर्मा की देखरेख में संपन्न होगा। यह जानकारी नानचाकू एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के जनरल सेक्रेटरी किशन सोनवाल ने दी।

एसआईआर को लेकर कांग्रेस में हताशा और निराशा का माहौल

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। एसआईआरको लेकर कांग्रेस ने भाजपा और चुनाव आयोग पर आरोप लगाकर माहौल बनाने की कोशिश की, लेकिन भाजपा ने इसे कांग्रेस की हताशा और गैर-जिम्मेदार राजनीति करार दिया है। भाजपा उदयपुर शहर के जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि देश में आठ बार एसआईआर की प्रक्रिया हुई है, जिनमें सात बार कांग्रेस शासन में हुई। तब क्या यह सही नहीं थी? गजपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि आपत्तियां हर राजनीतिक दल और पार्टी कार्यकर्ताओं का अधिकार है। इन आपत्तियों का निरीक्षण और पक्ष सुनकर हटाना प्रशासन का काम है। निर्वाचन आयोग जांच करेगा और सही पाया जाने पर नोटिस देगा। मतदाता सूची का शुद्धिकरण एक सामान्य और नियमित प्रक्रिया है जो समय-समय पर होती रही है। राठौड़ ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव हारने पर वह ईवीएम पर आरोप लगाती है, लेकिन जीतने पर वही ईवीएम सही हो जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति के चलते अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों को भारत में रहना चाहती है और उनका नाम वोटर लिस्ट में जुड़ना चाहती है, जबकि भाजपा और भारतीय नागरिक इसे कभी स्वीकार नहीं कर सकते।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com

UDA अफसरों का खेलः रिसॉर्ट-होटल की परमिशन की जानकारी देने से किया इनकार, कहीं पूरी दाल तो काली नहीं??



रिपोर्ट-जयवंत भैरवियां

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर विकास प्राधिकरण याने के यूडीए के अफसर और कर्मचारी भी अजब—गजब है। आम जनता के अलावा किन किन के हितों का किस—किस तरह से खयाल रखते हैं यह जग जाहिर है। आम आदमी कोई सवाल पूछता है तो इनकी सामान्य बुद्धि भी काम करना बंद कर देती है और अगर यही सवाल नेता, अफसर या जमीन माफिया पूछते हैं तो ये सुपर कंप्यूटर और ए—आई को भी मात दे देते हैं। जो जानकारी इनको है वो किसी को नहीं। शहर के जमीन माफियाओ की विकास यात्रा और शहर की विनाश यात्रा के ये अफसर और कर्मचारी साक्षी ही नहीं, उसके हमजोली भी रहे हैं। इन्हीं की बदौलत तो पहाड़ ना जाने कब मैदानों में तब्दील हो गए और वहां पर फिर से रिसोर्ट और होटल वाले पहाड़ बन गए पता ही नहीं चला। इनकी किरपा बस बरसती रहनी चाहिए और बदले में कहां—कौनसे कृत्रिम मालामाल कर देने वाली बारिश होनी चाहिए यह तो आप समझ ही गए होंगे। ये जमीन माफियाओं के लिए विकीपीडिया या कहें कि विकी—पीढ़ियां हैं। बरसों बरस पीढ़ी दर पीढ़ी सेवाएं देना और बदले में मेवा पाने का दस्तूर इनका बहुत ही खास और जाना पहचाना है। जो लोग यह खबर पढ़ रहे हैं उनमें से कइयों का आजमाया हुआ भी होगा। ये जमीन माफियाओं को अर्ली बर्ड भी बनाते हैं। याने कि चिड़िया के खेत चुगने से पहले ही पहाड़ की चुगली कर देते हैं। फलां पहाड़ पर फिल्डिंग जमा लो, परमिशन आती ही होगी वाला सीन होता ही रहता है। अब आते है मूल बात पर कि आज यूडीए वालों की इतनी रेल—पेलाई क्यों हो रही है। तो बात ये है कि UDA की ओर से आये दिन किसी न किसी होटल या रिसोर्ट को बिना परमिशन या नो कंस्ट्रक्शन जोन में बना होना बताकर सीज करना अब दस्तूर हो चला है। लोग इसे ढकोसला भी कहने लगे हैं। सेटिंग से बिल्डिंगें खड़ी हो जाती हैं और उसका इकबाल भी बरसों बरस तक बुलंद रहता है। फिर अचानक कोई पॉलिटिकल लोचा पड़ जाता है या फिर कहीं कोई जन प्रतिनिधि हड़का कर सीज करने को कह देता है तब नियमों की किताब खोल कर बनाने वाले का भट्टा बिठा दिया जातता है। खबरें और वीडियो जारी करके वाहवाही लूटी जाती है कि देखो, हम कितने शूरवीर हैं कि अतिक्रमण ध्वस्त कर रहे है। जनता बिचारी पीछे से पूछती है कि हुजूर ये तो बताइये कि आपकी टेरीटरी में ये बन कैसे गई?? इसका जवाब किसी भी राहु—केतू के पास नहीं होता है। आप गलत मत समझियेगा कि ये राहु कौन है व आजकल कहां—कहां शहर का बंटाढार कर रहा है। समझ गए हों तो एकदम सही समझे हैं कि ये वही राहु है जो आजकल सरकारी क्षितिज में लल्लन टॉप तरीके से चमक रहा है, जमीन माफियाओं की आंखों का तारा है, भ्रष्ट नेताओं का राज दुलारा है। बहरहाल, होटल या रिसॉर्ट रातों रात तो बन नहीं जाती। इसके लिए धनबल—भुजबल भी तो लगता है। कोई चमत्कार हुआ और धरती फाड़कर निकल आने टाइप बात तो होती नहीं है। होटल बनाने का कोई बीज बाजार में तो मिलता नहीं कि जमीन में डाला कर गप्प से होटल उग आती है और यूडीए के अफसर रातों रात चौंक जाते हैं—अरे ससुरा ये क्या गजब हो गया।

डेटा ही नहीं यूडीए के पास

UDA वालों के पास कोई तो डेटा होता होगा जिसके आधार पर तय किया जाता होगा कि किसका वैध है किसकाअवैध। होटल या रिसोर्ट बना तो है मगर उसका क्या ज्योग्राफिया और कागजों में बताया हुआ हुलिया है। परमिशन है या नहीं नियमानुसार। आखिर कैसे तय किया जाता है यूडीए में कि वैध अवैध है या नहीं। मगर यहां पर हो गजब रहा है। जब हमने यही सब जानने के लिये RTI लगाई और UDA की ओर से द्वारा 1 जनवरी 2024 से लेकर 1 दिसम्बर 2025 के बीच के कालखंड का गजब का जवाब दिया। UDA की ओर से जारी रिसॉर्ट परमिशन की सूची और बड़ी स्थित होटल मैरियट और बड़ी में ही शिल्पग्राम के पास मौजूद होटल शोर्यगढ़ जो कि अब व्यंधम ग्रांड होटल के नाम से चल रहे हैं। उनके स्वीकृत मानचित्र की सूचना मांगी। तो जवाब चौंकाने वाला आया। UDA के ATP सर्वेश्वर व्यास ने प्रथम अपील के बाद जवाब दिया कि उन्होंने रिसोर्ट परमिशन की सूची बहुआयामी और बहु उद्देश्य वाली सूचना है, हम बता ही नहीं सकते। मना कर दिया और होटल मैरियट और होटल शोर्यगढ़ के नामों से पत्रावली होने से ही इनकार कर दिया।

किसने दी परमिशन, दी भी या नहीं???

हैरानी की बात तो ये है कि उदयपुर से बाहर रहने वाले को भी पता होगा कि उदयपुर में होटल शोर्यगढ़ या फिर होटल मैरियट कहाँ पर हैं। पर जनाब सर्वेश्वर व्यास को ही पता नही है कि ये होटल कहाँ पर है। क्या इन होटेलों को परमिशन नहीं दी गई या फिर मौके पर जाकर किसी अधिकारी ने देखा ही नहीं कि ये होटल / रिसोर्ट नियम से बन रही है या नही?, कोई पहाड़ी काटी जा रही है या नही?, क्योंकि मौके पर जाने वाले को होटल का नाम पता न हो ऐसा सम्भव नहीं। चलिए कुछ देर के लिये मान लेते है कि परमिशन लेते समय होटल या रिसॉर्ट का नाम कुछ और रखा गया होगा लेकिन ये तो सामान्य सी बात है कि जो परमिशन दी जा रही है या जिस स्थान पर परमिशन दी जा रही है वो जगह भी अधिकारियों को पता न हो ? अब आ जाते है रिसोर्ट और होटल की सूची पर, अब जब पता ही नही है किस को परमिशन दी औऱ किसको नही तो मौके पर कार्यवाही करने जाने वाले अधिकारियों को क्या दिन में अपने दफतर में खर्राटे के दौरान सपना आता है कि इसके पास परमिशन है और इसके पास नही, कैसे चेक करते है कि स्वीकृति क्या है और बना क्या है ? या फिर शहर में चारो और बन रही होटल और रिसोर्ट मनमर्जी से बन रही है और मर्जी से ही अरावली की पहाड़ियों को शहीद किया जा रहा है जब UDA अधिकारी किसी होटल या रिसोर्ट पर कार्यवाही करने जाते है तो कार्यवाही का कुछ तो आधार होगा ?

दबी जुबान में कही बात कहीं सच तो नहीं

कई लोग तो दबी जुबान में ये भी कहते है कि कई अवैध होटलों और रिसोर्ट में UDA के कुछ अधिकारी भी पार्टनर है इसलिए उनकी जानकारी छिपाई जाती है। इस तरह की सूचनाओ के सम्बंध में राज्य सूचना आयोग के ये दो निर्णय महत्वपूर्ण है (1) यह कि "सूचना ऐसे रूप में दी जाए जिस रूप में चाही जाती है।" (श्रीमती अन्नपूर्णा मिश्रा बनाम रजिस्ट्रार / वाइस चांसलर जय नारायण विश्वविद्यालय अपील नं. 179/06. निर्णय दिनांक-28.12.2006. राजस्थान सूचना आयोग, (2) माननीय केन्द्रीय सूचना आयोग ने "श्री एस.पी. गोयल बनाम डायरेक्टर ऑफ इनकम टैक्स एण्ड सीपीआईओ लुधियाना अपील नम्बर सीआईसी / एटी/ए/2007/00344. निर्णय दिनांक 13.06.2007 के मामले में निर्धारित किया है कि है कि फाइल दिखाने के लिये उसका नाम / नम्बर अपीलार्थी से पूछना सही नहीं है। विषय बताने पर फाईल का पता लगाने का कार्य लोक सूचना अधिकारी का है। सर्वेश्वर व्यास जी को शायद इन निर्णयो की जानकारी हो या न हो लेकिन कम से कम प्रशासनिक सुधार विभाग के आदेशों की जानकारी तो होगी कि उन्हें हस्ताक्षर के साथ अपना नाम भी लिखना है या फिर वे आवेदक को सूचना देने की जगह जो मजाक करते है इसलिए वे जवाब में अपना नाम नही लिखते, क्योंकि आवेदक यदि समझदार निकला तो आगे जाकर विधिक कार्यवाही भी कर सकता है।


दुकान की दीवार तोड़कर चोरी का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार, 1.80 लाख नगद बरामद



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। चित्तौड़गढ़ शहर के भोईखेड़ा क्षेत्र में किराना दुकान की दीवार में सैंध लगाकर नकदी चोरी करने की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कोतवाली चित्तौड़गढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी को नामजद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई 1 लाख 80 हजार रुपए की नगदी, गल्ला और नकबजनी में प्रयुक्त औजार भी बरामद कर लिए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि भोईखेड़ा निवासी राकेश पिता रूपलाल भोई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया कि 13 जनवरी की रात करीब 11 बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया था। सुबह करीब 6 बजे पड़ोसी ने दुकान की पिछली दीवार टूटी होने की सूचना दी। मौके पर जाकर देखा तो दुकान की दीवार तोड़कर अंदर घुसकर गल्ले सहित करीब 2 लाख रुपए नगद चोरी कर लिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह के निर्देशन और डीवाईएसपी बृजेश सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी तुलसीराम के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने लगातार प्रयास और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर भोईखेड़ा निवासी रतनलाल भोई (22), नानूराम भोई (28), रतनलाल भोई (33) और नारायणलाल भोई (24) को डिटेन कर पूछताछ की। पूछताछ में चारों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया और एक अन्य आरोपी के शामिल होने की जानकारी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी की गई नगदी में से 1 लाख 80 हजार रुपए, गल्ला और वारदात में उपयोग किए गए औजार बरामद किए हैं। फरार आरोपी की तलाश और मामले में आगे की जांच जारी है।

तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में सख्ती, भीलवाड़ा में एंट्री के लिए छात्राओं की कान की बालियां काटीं



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से शुरू हुई तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा के पहले दिन भीलवाड़ा में सख्त जांच देखने को मिली। ड्रेस कोड और सुरक्षा नियमों के पालन के दौरान कई परीक्षा केंद्रों पर छात्राओं की कान की बालियां कैंची से काटकर उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। जिले में बनाए गए 31 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा एक ही पारी में आयोजित की गई, जिसमें 9,240 अभ्यर्थी शामिल हुए। सभी कैंडिडेट्स को बायोमेट्रिक जांच और फोटोयुक्त पहचान के बाद ही एंट्री दी गई। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चली। केंद्रों के गेट तय समय पर बंद कर दिए गए थे। प्रशासन की ओर से नकल रोकने और निष्पक्ष परीक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए गए।

एसओजी ने ब्लूटूथ से नकल करने वाले कनिष्ठ लिपिक को किया गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) ने ब्लूटूथ डिवाइस का इस्तेमाल कर परीक्षा में नकल करने वाले कनिष्ठ लिपिक विकेश कुमार मान (29), निवासी लूणकरणसर, बीकानेर को गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्तमान में निलम्बित चल रहा था और लंबे समय से फरार था। जांच में सामने आया कि उसकी पत्नी द्रौपदी सियाग ने भी ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए कनिष्ठ लिपिक ग्रेड-सेकेंड की परीक्षा पास कर जॉब हासिल की थी। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि मामला राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर द्वारा आयोजित कनिष्ठ लिपिक ग्रेड-सेकेंड भर्ती परीक्षा 2022 से जुड़ा है। मार्च 2023 में आयोजित इस परीक्षा में पेपर लीक और नकल के मामले को लेकर एसओजी ने 2025 में FIR दर्ज की थी। आरोपी विकेश कुमार मान जालौर जिला एवं सत्र न्यायालय में पदस्थ था और एग्जाम जांच का पता चलने पर फरार हो गया था। एसओजी की जांच में खुलासा हुआ कि विकेश कुमार मान को बीकानेर के शहीद मेजर पूरण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में परीक्षा केंद्र पर ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए प्रश्न-पत्र के उत्तर प्रदान किए गए थे। यह नकल संगठित गिरोह के मास्टर माइंड पौरव कालेर और उसके चाचा तुलछाराम कालेर द्वारा ORCHESTRATED थी। पहले भी मई 2023 में आयोजित राजस्व अधिकारी ग्रेड-सेकेंड परीक्षा में आरोपी को इसी तरह ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए नकल करते पकड़ा गया था। एसओजी ने अब तक इस मामले में कुल 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है और पूरे गिरोह का नेटवर्क उजागर करने की प्रक्रिया चल रही है। इस मामले में राजस्थान सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा को रद्द कर दिया था।

ऑपरेशन स्वच्छता और ऑपरेशन शिकंजा के तहत 50 से अधिक पावर बाइक्स जब्त



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन स्वच्छता और ऑपरेशन शिकंजा के तहत 50 से अधिक पावर बाइक्स जब्त कीं। थाना प्रभारी मनीष खोईवाल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन स्वच्छता, ऑपरेशन शिकंजा और ऑपरेशन संस्कार के तहत नगर के गोल चौराह सहित विभिन्न मार्गों से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

ड्राइवर भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी, 2759 पदों पर आगे बढ़े चयनित अभ्यर्थी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) ने ड्राइवर भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। बोर्ड की ओर से 2759 पदों के लिए हुई इस भर्ती परीक्षा का परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी RSSB.RAJASTHAN.GOV.IN पर जाकर अपने नाम और रोल नंबर के जरिए रिजल्ट देख सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी और मेरिट आधारित रही है। ड्राइवर भर्ती परीक्षा 23 नवबर 2025 को आयोजित की गई थी। इस भर्ती के लिए 1 लाख 48 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से करीब 60 प्रतिशत उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। लिखित परीक्षा के आधार पर मेरिट तैयार कर योग्य अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। अब चयनित उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन और अन्य औपचारिक प्रक्रियाओं के लिए बुलाया जाएगा। डॉक्यूमेंट सही पाए जाने पर फाइनल मेरिट के आधार पर विभाग को चयनित अभ्यर्थियों की सूची भेजी जाएगी। बोर्ड की ओर से जारी कटऑफ के अनुसार जनरल कैटेगरी में 144.15, एससी में 104.27, एसटी में 107.12, ईडब्ल्यूएस में 124.81, ओबीसी में 136.18 और एमबीसी वर्ग में 132.76 अंक तय किए गए हैं। अभ्यर्थी रिजल्ट चेक करने के लिए सबसे पहले बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं, होमपेज पर "CANDIDATES CORNER" में जाकर RESULTS पर क्लिक करें। इसके बाद DRIVER RECRUITMENT RESULT 2025 लिंक खोलें, जहां मेरिट लिस्ट पीडीएफ फॉर्मेट में उपलब्ध है। इसमें अपना रोल नंबर या रजिस्ट्रेशन नंबर चेक कर भविष्य के लिए पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।